**दिनांक 06.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision of LAN Networking System for G+7 Tower Building Vishweshwaraiya Bhawan, Patna एवं विश्वेश्वरैया भवन, पटना के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य योजना अंतर्गत निर्माणाधीन G+7 भवन के आंतरित कार्य, अतिरिक्त अवशेष कार्यों के निर्माण कार्य के द्वितीयवार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

कार्यवाही:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Provision of LAN Networking System for G+7 Tower Building Vishweshwaraiya Bhawan, Patna एवं विश्वेश्वरैया भवन, पटना के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य योजना अंतर्गत निर्माणाधीन G+7 भवन के आंतरित कार्य, अतिरिक्त अवशेष कार्यों के निर्माण कार्य।** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹2,91,27,729.00 (भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक 250(भ0) दिनांक 03.10.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹2,91,27,729.00 (मुख्य अभियंता(नि0), भ0नि0वि0 का पत्रांक 1616(नि0)अनु0 दिनांक-16.10.2025) |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹2,89,81,794.00 (विद्युत कार्य सहित) |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 24.12.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 03(तीन)माह |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 29.12.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 21.01.2026 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 07.01.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 06.01.2026 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 121345 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 020486(भवन)2025-26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** CLASSICON CONSTRUCTION (INDIA) PVT. LTD., 2ND FLOOR J.J. COMPLEX, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001, BIHAR<br>**(II)** KALSI BUILDCON PVT. LTD., MANIKARAN TOWER, KILBURN COLONY, HINOO, RANCHI-834002, JHARKHAND<br>**(III)** KUMAR HEIGHTS PRIVATE LIMITED, 302, HEM PLAZA, FRAZER ROAD, PATNA-800001, BIHAR |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**
**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**

दिनांक 23.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्रथमवार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार भाग लेने के कारण वित्त विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में तकनीकी बीड अभिलेखों का मूल्यांकन न करते हुए आमंत्रित निविदा को रद्द करते हुए शीघ्रातिशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की द्वितीय निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 57 अनु0 दिनांक 22.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि तीनों निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

**प्रथम निविदाकार** **CLASSICON CONSTRUCTION (INDIA) PVT. LTD., 2ND FLOOR J.J. COMPLEX, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001, BIHAR** द्वारा आमंत्रित निविदा में एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के अंतर्गत मांगे गये Experience of completed Work of Similar Nature NOT LESS THAN 50% OF ESTIMATED COST i.e., ₹1,44,42,473.00 (ESCALATION AS PER APPENDIX TO ITB S.N.-19) हेतु समर्पित किये गये समान प्रकृति के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र जो कि "Construction of 15 HWC, 03APHC and 01 CHC at various place in Vidhansabha no.67, 68 & 69, District-Katihar" कार्य से संबंधित है, पूर्ण (Completed) नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा में निविदाकार के Bid Capacity की गणना करने पर उनका Bid Capacity Rs. 1,33,81,094.73 मात्र आती है जो परिमाण विपत्र की राशि से कम पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने "नन-रिस्पॉन्सिव" पाया।

**द्वितीय निविदाकार** **KALSI BUILDCON PVT. LTD., MANIKARAN TOWER, KILBURN COLONY, HINOO, RANCHI-834002, JHARKHAND** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में "रिस्पॉन्सिव" पाया।

**तृतीय निविदाकार** **KUMAR HEIGHTS PRIVATE LIMITED, 302, HEM PLAZA, FRAZER ROAD, PATNA-800001, BIHAR** द्वारा आमंत्रित निविदा में मांगे गये Electricial Licence हेतु समर्पित किये गये विद्युत लाईसेंस की वैधता दिनांक 28.09.2025 तक पायी गयी, जो कि आमंत्रित निविदा के तिथि से पूर्व का है। आमंत्रित निविदा में एस0बी0डी0 कंडिका-4.5A(c) के अंतर्गत मांगे गये Quantity of Work executed (Executed in any one year, the minimum quantities of the following items of work as indicated in Appendix. :- 1. FIRE FIGHTING: 20.14 LAKH, 2. PHE Work: 13.87 LAKH, 3. FURNITURE: 36.91 LAKH हेतु निविदाकार द्वारा समर्पित अभिलेख के अनुसार पिछले पाँच वर्षों के अंतर्गत किसी एक वर्ष में उक्त कार्यों की राशि को किया हुआ नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा में मांगे गये PLANT & MACHINERIES हेतु समर्पित Plant के विवरणी के साथ विपत्र नहीं पाया गया साथ ही KEY PERSONNEL हेतु समर्पित कर्मियों का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र/सी0भी0 संलग्न नहीं पाया गया। आमंत्रित निविदा में एस0बी0डी0 के कंडिका-38 के अंतर्गत मांगे गये Declaration of Statement for No-Relation हेतु कोई अभिलेख निविदाकार द्वारा समर्पित नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने "नन-रिस्पॉन्सिव" पाया।

## 15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीयबार आमंत्रित निविदा में निविदाकार **CLASSICON CONSTRUCTION (INDIA) PVT. LTD., 2ND FLOOR J.J. COMPLEX, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001, BIHAR** एवं **KUMAR HEIGHTS PRIVATE LIMITED, 302, HEM PLAZA, FRAZER ROAD, PATNA-800001, BIHAR** को तकनीकी बीड में **''नन-रिस्पॉन्सिव''** पाये जाने उपरांत असफल तथा एकमात्र सफल निविदाकार **KALSI BUILDCON PVT. LTD., MANIKARAN TOWER, KILBURN COLONY, HINOO, RANCHI-834002, JHARKHAND** को **''रिस्पॉन्सिव''** पाये जाने उपरान्त सफल करने की अनुशंसा तथा वित्त विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या 7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदकार सफल पाये जाने उपरांत सहमति प्राप्त करने हेतु अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

## 16. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

विषयांकित कार्य Provision of LAN Networking System for G+7 Tower Building Vishweshwaraiya Bhawan, Patna एवं विश्वेश्वरैया भवन, पटना के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य योजना अंतर्गत निर्माणाधीन G+7 भवन के आंतरित कार्य, अतिरिक्त अवशेष कार्यों के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 03.02.2026 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 13.02.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद मुख्य अभियंता (पटना) के ईमेल पर (cepatna.bcd@gmail.com) अथवा कार्यालय में प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(पटना) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होने के स्थिति में मुख्य अभियंता(पटना) वित्तीय बीड खोल कर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6/2/26 | 06/2/2026 | 6.2.26 | 6/2/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(पटना)यो0प्राक0-1-61/2023 – 420 ID पटना, दिनांक- 06/02/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/02/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना